हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 28 जनवरी 2026




मुख्य समारोह में कलेक्टर ने झंडा वंदन कर ली परेड की सलामी, स्कूली छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रमों की दी ...
04



**खबर संक्षेप**

### आज कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ



**सीहोर** । श्री चमत्कारेश्वर महादेव मंदिर समिति द्वारा 7 दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन रखा गया है। श्रीमद्भागवत कथा एवं कलश यात्रा का शुभारंभ 28 जनवरी को सुबह 11 बजे किया जाएगा। कार्यक्रम की शुरुआत नमक चौराहा स्थित श्री सिद्ध हनुमान मंदिर से कलश यात्रा के रूप में होगी, जो सब्जी मंडी नमक चौराहा से प्रारंभ होकर कथा स्थल श्री चमत्कारेश्वर महादेव मंदिर, पुरानी जेल ग्राउंड तक निकाली जाएगी। यहीं श्रीमद्भागवत कथा का विधिवत शुभारंभ होगा। कलश यात्रा में नगर की महिलाओं से लाल एवं पीली साड़ी-वस्त्र पहनकर पधारने का विशेष अनुरोध किया गया है, जिससे यात्रा की शोभा और अधिक बढ़ सके। कथा का वाचन कथा व्यास जगद्गुरु यशोदानंदन अजय पुरोहित द्वारा किया जाएगा।

## नपा की साधारण सभा की बैठक में लिया गया निर्णय, अब मिलेगा प्रति व्यक्ति 135 लीटर पानी

# शहर में बिछेगी 105 किमी नई पाइप लाइन 50 साल पुरानी जर्जर लाइनों से मिलेगी मुक्ति

गौरतलब है कि हरिभूमि ने 3 जनवरी के अंक में 'इंदौर की जल त्रासदी से सबक लेने की जरूरत, 50 साल पुरानी पाइप लाइन से शहर में सप्लाई' शीर्षक से विशेष समाचार प्रकाशित किया था।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

**खबर का असर**

शहर की जर्जर पेयजल व्यवस्था को लेकर 'हरिभूमि' समाचार पत्र द्वारा प्रमुखता से प्रकाशित खबर पर नगर परिषद ने मुहर लगा दी है। मंगलवार को आयोजित नगर परिषद की साधारण बैठक में निर्णय लिया गया कि अमृत.2.0 मिशन के तहत शहर में 105 किलोमीटर लंबी नई पाइप लाइन बिछाई जाएगी। इससे शहरवासियों को पिछले 50 सालों से चली आ रही पुरानी और लीकेज वाली पाइप लाइनों की समस्या से निजात मिलेगी।

गौरतलब है कि हरिभूमि ने 3 जनवरी के अंक में 'इंदौर की जल त्रासदी से सबक लेने की जरूरत, 50 साल पुरानी पाइप लाइन से शहर में सप्लाई' शीर्षक से विशेष समाचार प्रकाशित किया था। इस खबर में इंदौर की घटना का हवाला देते हुए सीहोर की पुरानी पाइप लाइनों से होने वाले खतरों और जल बर्बादी की ओर प्रशासन का ध्यान खींचा था। इसी का संज्ञान लेते हुए नपा अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने परिषद की बैठक में नवीन पाइप लाइन और जल प्रदाय सुदृढ़ीकरण के प्रस्ताव को मंजूरी दी।




**7 नई टंकियों से बढ़ेगी 60 प्रतिशत स्टोरेज क्षमता :** नपा अध्यक्ष प्रिंस राठौर और सीएमओ सुधीर सिंह ने बताया कि अमृत.2 योजना के तहत शहर में 7 नई पानी की टंकियों का निर्माण शीघ्र पूरा किया जाएगा। इससे शहर की जल भंडारण क्षमता 60 फीसदी तक बढ़ जाएगी। वर्तमान में शहरवासियों को एक दिन छोडक़र पानी मिल रहा है, लेकिन इस योजना के पूर्ण होने के बाद अगले 20 वर्षों तक नियमित और भरपूर जल प्रदाय सुनिश्चित हो सकेगा।

### इन कार्यों के लिए हुआ विचार विमर्श

बैठक के दौरान इंदौर-भोपाल बायपास रोड स्थित कन्या शिक्षा परिसर में पेयजल के कार्य हेतु भगवान पुरा वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से कन्या परिसर तक पाइप लाइन बिछाने की सहमति व अनापत्ति दिये जाने के संबंध में, शहर में बकरी पुल कस्बा एवं दुल्हा बादशाह पुल निर्माण कार्य में आ रही पाइप लाइन विस्थापन हेतु प्राप्त राशि का कार्य अमृत 2.0 योजना में कराए जाने, हाउसिंग बोर्ड में निर्माणाधिन फ्लाई ओवर अंतर्गत आ रही पानी की पाईप लाइन एवं सीवरेज लाइन कि शिफ्टिंग कार्य अमृत 2.0 के संविदाकार से कराने कि स्वीकृति एवं होने वाली व्यय राशि की वसूली निर्माण एजेंसी पीडब्ल्यूडी, पीआईयू ब्रिज और नगर के विभिन्न स्थानों/चौराहों पर एलईडी स्कीन स्थापित किये जाने के संबंध में प्रशासकीय व वित्तिय स्वीकृति पीआईसी प्रस्ताव की पुष्टि के लिए विचार विमश्र किया गया।

### अब मिलेगा प्रति व्यक्ति 135 लीटर पानी

नई व्यवस्था लागू होने के बाद पेयजल की उपलब्धता 100 लीटर से बढक़र 135 लीटर प्रति व्यक्ति प्रतिदिन हो जाएगी। बैठक में भगवानपुरा वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से कन्या शिक्षा परिसर तक नई लाइन बिछाने, पुल निर्माण में आ रही बाधाओं को दूर करने और फ्लाई ओवर के नीचे सीवरेज व पाइप लाइन शिफ्टिंग के कार्यों को भी प्रशासनिक स्वीकृति दी गई। बैठक में विभिन्न वार्डों के पार्षद और नपा अमला मौजूद रहा।

# वीबी- जी राम जी योजना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत की परिकल्पना को पूरा करेगी: सांसद आलोक शर्मा

**सीहोर**। जिले के ग्राम झरखेड़ा व ग्राम मगरदा में वीबी- जी राम जी विषय पर जनजागरण अभियान अंतर्गत कृषक श्रमिक चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल का शुभारंभ भोपाल सांसद आलोक शर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, सीहोर विधायक सुदेश राय द्वारा सरस्वती पूजा कर व दीप प्रज्ज्वलन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आलोक शर्मा का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। तत्पश्चात भोपाल सांसद आलोक शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरदर्शी सोच का प्रतिफल है वीबी-जी रामजी जी योजना। प्रधानमंत्री की दूरदर्शी सोच से आज दुनिया भारत की ओर देख रही हैं।

वीबी-जी रामजी योजना वर्ष 2047 तक 'विकसित भारत' के लक्ष्य को साकार कर गांवों को समृद्ध बनाएगी। इस योजना में 125 दिन के रोजगार की गारंटी है, जबकि मनरेगा में सिर्फ 100 दिन काम मिलता था। यह योजना ग्रामीण क्षेत्र के समुचित विकास में मील का पत्थर साबित होगी। कांग्रेस के शासनकाल में इस योजना में 35 हजार करोड़ मिलते थे, जिसे बढ़ाकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 74 हजार करोड़ किया और अब सुधारों के साथ लागू की जा रही इस योजना का बजट बढ़ाकर 95 हजार करोड़ कर दिया है। बजट में यह बढ़ोत्तरी कांग्रेस के




शासनकाल के समय से लगभग तीन गुना अधिक है। कृषि वर्ष 2026 में कृषि को उद्योग और रोजगार से जोड़कर सरकार किसानों की आय बढ़ाने का कार्य करेगी। वीबी-जी रामजी अधिनियम से गांवों में अधोसंरचना का विकास होगा और विकास की नई क्रांति आएगी। वीबी-जी रामजी योजना में गरीबों, मजदूरों को अब 100 दिन के बजाय बजाय 125 दिन मजदूरी मिलेगी। यह केवल एक सरकारी योजना नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के "विकसित भारत" संकल्प को धरातल पर उतारने वाला राष्ट्रीय स्तर का मिशन है। इब योजना में मजदूरों को 125 दिन के रोजगार की गारंटी निश्चित रूप से रोजगार को बढ़ावा देने वाला है। कौशल और उद्यमिता के साथ इस योजना को जोड़कर रोजगार को बढ़ावा देने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। सुधारों के साथ लागू की जा रही नई योजना में सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि अब वर्ष में कभी भी मजदूरी प्राप्त कर सकते हैं। केंद्र सरकार 60 और राज्य सरकार 40 प्रतिशत की राशि वहन करेगी। कई मामलों में पहले केंद्र सरकार ही निर्णय लेता था, लेकिन अब राज्य सरकारें भी गांवों और ग्रामीण क्षेत्रों के समुचित विकास को ध्यान में रखकर कार्यों को शामिल कर सकते हैं। नरेगा में विद्यालय भवन, पुस्तकालय, कोल्ड स्टोरेज, ग्रामीण पार्किंग, सौर ऊर्जा, नवकरणीय ऊजा, जैविक खाद इकाई, बाढ़ आश्रय स्थल, आपदा में क्षतिग्रस्त संरचनाओं की मरम्मत, जल जीवन मिशन के कार्यों में सुधार एवं रखरखाव जैसे कार्य शामिल नहीं थे। नई योजना में यह सभी कार्य शामिल किए गए हैं। जैविक खाद निर्माण इकाइयां, पशुपालन, मुर्गी-पालन शेड, मत्स्य पालन संबंधी निर्माण कार्यों, नर्सरी निर्माण, भवन-निर्माण सामग्री उत्पादन इकाई निर्माण का प्रावधान भी ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों की आजीविका को बढ़ाने के लिए किया गया है।

## शर्मनाक, गणतंत्र दिवस पर शराब पीकर स्कूल पहुंचा शिक्षक, छात्राओं के कक्ष में घुसने का भी आरोप

**सीहोर**। राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस के अवसर पर जहां पूरा देश तिरंगे को नमन कर रहा था, वहीं भैरूंदा तहसील के ग्राम डिमावर से शिक्षा जगत को शर्मसार करने वाली खबर सामने आई है। यहां के शासकीय विद्यालय में पदस्थ एक अतिथि शिक्षक कथित तौर पर शराब के नशे में धुत होकर स्कूल पहुंच गया। ग्रामीणों ने शिक्षक को पकड़कर उसका वीडियो बनाया, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

ग्रामीणों ने अतिथि शिक्षक राजेश कुशवाह पर गंभीर आरोप लगाए हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार नशे की हालत में शिक्षक उस कमरे तक पहुंच गया जहां छात्राएं कपड़े बदल रही थीं। इस घटना के बाद ग्रामीणों और अभिभावकों में भारी आक्रोश है। ग्रामीणों का कहना है कि यह शिक्षक पहले भी कई बार नशे में



स्कूल आ चुका है, लेकिन बार-बार शिकायत के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई।

### ग्रामीणों ने घेरा, वीडियो हुआ वायरल

वायरल वीडियो में ग्रामीण शिक्षक को घेरकर नाराजगी जताते दिख रहे हैं। 26 जनवरी जैसे गरिमामय दिन पर शिक्षक की इस हरकत ने स्कूल के अनुशासन और शिक्षा व्यवस्था की पोल खोल दी है। अभिभावकों ने इसे बच्चों की सुरक्षा से खिलवाड़ बताते हुए शिक्षक को तत्काल बर्खास्त करने की मांग की है।

### अधिकारी बोले, हटाने की प्रक्रिया शुरू

मामला तूल पकड़ते ही शिक्षा विभाग हरकत में आ गया है। ब्लॉक शिक्षा अधिकारी साक्षी जैन ने बताया कि मामला संज्ञान में आते ही संबंधित अतिथि शिक्षक को हटाने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि वायरल वीडियो और ग्रामीणों के आरोपों की जांच की जा रही है, जिसके आधार पर सख्त अनुशासनात्मक कदम उठाए जाएंगे। फिलहाल इस घटना ने प्रशासन और शिक्षा विभाग की निगरानी प्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### कलचुरी समाज के 13वें निशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन के वर-वधु को वस्त्र किए वितरित

**सीहोर**। स्थानीय कलचुरी धर्मशाला सीहोर में 13 वें निशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन के वर वधु को वरिष्ठ समाज सेवी राकेश राय के हाथों समस्त स्वजातीय बंधुओं के साथ वस्त्र वितरित किए गए। सर्वप्रथम राजराजेश्वर भगवान सहस्त्रबाहु के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया ।निशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन में इस वर्ष 21 जोड़े परिणय सूत्र में बंधने जा रहे हैं। अध्यक्ष प्रदीप बिजोरिया ने कहा कि आयोजन पूर्ण रूप से निशुल्क है जोड़ों से किसी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जाता। समस्त स्वजातीय बंधुओं के सहयोग से यह पुनीत कार्य होता है बिजोरिया परिवार की ओर से प्रतिवर्ष वर वधु को वस्त्र भेंट किए जाते हैं। कोषाध्यक्ष परमानंद राय ने कहा कि कोई भी कार्य बिना सहयोग के संभव नहीं है अतः सभी स्वजातीय बंधु तन मन धन से सहयोग करें। हमे ऐसे पुनीत कार्य करने की प्रेरणा हमारे बुजुर्गों से मिली है। हम आगे भी ऐसे कार्य करते रहेंगे। वरिष्ठ समाजसेवी राकेश राय ने कहा कि समाज की एकजुटता बड़े-बड़े आयोजन कर सकती है और यह पुनीत कार्य भी भव्य रूप से होगा ऐसी आशा है। इस अवसर पर स्वजाति बंधुओ ने अपना-अपना सहयोग भी भेंट किया और आगे भी सहयोग का आश्वासन दिया। इस अवसर पर महामंत्री बेनी राय, समाजसेवी सुदर्शन राय, सुरेश राय लाइनमेन, रमेश राय राम राधेश्याम राय, मोहन राय बाबा, भेरू सिंह जायसवाल, हरीश राय, हीरा लाल जायसवाल, कुंदन लाल राय, शिव राय, मोर सिंह जायसवाल, कुमेरसिंह जायसवाल, कमल राय पत्रकार, ओम प्रकाश राय कल्लू , सुरेश जायसवाल, डॉ. विजेंद्र जायसवाल आदि उपस्थित रहे।

## ऑटो चालक के परिवार पर घर में घुस कर किया जानलेवा हमला

### पुलिस ने मामला दर्ज किया, आरोपी फरार

**सीहोर**। कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम थुनाकलां में दलित परिवार पर घर में घुसकर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। हमले में गंभीर रूप से घायल परिजन इलाज के लिए भोपाल स्थित अस्पताल में भर्ती है। कोतवाली थाना पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है लेकिन आरोपियों को अबतक पुलिस ने गिरफ्तार नहीं किया है। जिसको लेकर पीड़ित परिवार में कड़ा आक्रोश बना हुआ है। फरियादियों ने आरोपियों को गिरफ्तार कराने की मांग पुलिस अधीक्षक से की है।



थुनाकलां में रहने वाला वाटर सप्लायर अशोक कुमार मालवीय 23 जनवरी को लोडिंग वाहन तुमडा लेकर गया था वापस लौटते समय कलारी के पास थुनाकलां में गाड़ी खराब हो गई थी जहां किसी बात को लेकर गाँव के अशोक मेवाड़ा ने झुमाझटकी कर मारपीट कर दी। मारपीट कर रहे अशोक मेवाड़ा को समझाकर मुश्किल बचाकर अशोक को उनका बेटा निखिल मालवीय घर ले गया था। उसी रात 9.30 बजे के दरमियान अशोक मेवाड़ा, सतरंग मेवाड़ा, दुर्गेश भाटी व राकेश मेवाड़ा घर पहुंचे और जाति सूचक शब्दों से अपमानित करते हुए लकड़ी के डंडे से मारपीट शुरू कर दी। हमले में अशोक की बाँयी आँख के ऊपर लगी पत्नि ममता मालवीय को भी डंडे से मारा गया हमले में पुत्र निखिल मालवीय पुत्री पलक भी बुरी तरह घायल हो गए।

घटना के बाद वीरेन्द्र मालवीय ने 112 पर फोन लगाया और घायल को जिला अस्पताल सीहोर में भर्ती कराया गया जहां से डाक्टरों ने गंभीर अवस्था में अशोक कुमार और ममता बाई को भोपाल रेफर कर दिया।

### एक फरवरी को पेश होने वाले बजट में एमएसपी लागू करने की मांग

# भजन-कीर्तन के जरिए किसानों की अनोखी मांग, एमएसपी बढ़ाने को लेकर लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

मध्य प्रदेश के सीहोर जिले के चंदेरी ग्राम एवं रलावती गांव में किसानों ने अपनी मांगों को लेकर एक अनोखा और भावनात्मक तरीका अपनाया। किसान व समाजसेवी एमएस मेवाड़ा के नेतृत्व में किसानों ने गेहूं की फसल के बीच बैठकर ढोलक, पेटी और झांझ की धुन पर भजन-कीर्तन गाते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लोकसभा में पेश होने वाले बजट में किसानों के हित में बड़े फैसले लेने की मांग की।

किसानों ने भजन हे प्रभु मोदी है दाता, हे प्रभु मोदी है दाता, ऐसी कृपा कीजिए, सारे किसान मांग रहे हैं, बजट में एमएसपी दीजिए। के माध्यम से केंद्र सरकार से आग्रह किया कि 1 फरवरी को पेश होने वाले बजट में किसानों की फसलों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीदा जाए और प्रमुख फसलों के दामों में बढ़ोतरी की जाए। किसानों



की प्रमुख मांग है कि सोयाबीन का भाव 8000 रुपए प्रति क्विंटल और गेहूं का भाव 5000 रुपए प्रति क्विंटल तय किया जाए। इसके साथ ही प्याज और लहसुन को भी उनकी लागत के अनुसार उचित कीमत दिलाने की मांग उठाई गई।

इस भजन को किसान व समाजसेवी एमएस मेवाड़ा ने स्वयं लिखा और प्रस्तुत किया, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भगवान का दर्जा देते हुए उनसे प्रार्थना की गई कि वे किसानों के जीवन में खुशहाली लाने के लिए बजट में विशेष प्रावधान करें। गीत में किसानों की पीड़ा, बढ़ती लागत, खाद-बीज के दाम, और फसलों के कम भाव जैसी समस्याओं को भावनात्मक शब्दों में पिरोया गया। कार्यक्रम में पेटी मास्टर सवाई सिंह मेवाड़ा, ढोलक मास्टर बाला प्रसाद विश्वकर्मा सहित कई किसान कलाकारों ने भाग लिया। सिंह मेवाड़ा, फूल सिंह मेवाड़ा, हीरालाल सहित अन्य ग्राम रलावती के किसान महेंद्र पटेल बालक दास पंडित जी सवाई सिंह मेवाडा इंदर सिंह पटेल देव सिंह नारायण सिंह भजन-कीर्तन के जरिए अपनी आवाज सरकार तक पहुंचाने का प्रयास किया।

किसानों का कहना है कि वे किसी आंदोलन या विरोध के बजाय शांति और भक्ति के मार्ग से अपनी बात रखना चाहते हैं, ताकि सरकार तक किसानों की वास्तविक स्थिति और समस्याएं पहुंच सकें। किसानों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से अपील की कि वे किसानों की मेहनत का सही मूल्य सुनिश्चित करें, ताकि अन्नदाता आर्थिक रूप से मजबूत हो सके और खेती को लाभ का व्यवसाय बनाया जा सके।

### रोटरी क्लब सीहोर और इनर व्हील क्लब करेगा पौधारोपण का आयोजन

**सीहोर**। गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर रोटरी क्लब सीहोर एवं इनर व्हील क्लब के संयुक्त तत्वावधान में झंडारोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर पौधा रोपण करने के साथ संरक्षण का संकल्प लिया। इस मौके पर रोटरी क्लब के अध्यक्ष मधुर विजयवर्गीय ने कहाकि वातावरण को संरक्षित करने के लिए पौधा रोपण का सिलसिला जारी है। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारत गुप्ता, अमर गुप्ता एवं विजय शर्मा ने की। रोटरी अध्यक्ष मधुर विजयवर्गीय एवं सचिव कपिल अग्रवाल के नेतृत्व में देशभक्ति रैली निकाली गई। रैली के दौरान टाउन हॉल पर भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण किया गया एवं देशभक्ति नारों के साथ सभी प्रतिभागी शामिल हुए। इस अवसर पर बच्चों एवं उपस्थित नागरिकों को देश के प्रति कर्तव्यों, नागरिक शास्त्र की मूलभूत जानकारी, अनुशासन एवं नियमों के पालन का महत्व समझाया गया, पूरा वातावरण देशभक्ति और राष्ट्रप्रेम से ओत-प्रोत रहा।

## खबर संक्षेप

### 30 को मनाया जाएगा मद्य निषेध संकल्प दिवस

**सीहोर।** शासन के निर्देशानुसार महात्मा गांधी की पुण्यतिथि 30 जनवरी के अवसर पर मद्य निषेध संकल्प दिवस का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं तथा समाज के सभी वर्गों में बढ़ती हुई मद्यपान तथा मादक पदार्थों के सेवन की प्रवृत्ति की रोकथाम करना और इनसे होने वाले दुष्परिणामों के प्रति युवाओं और समाज को जागरूक करना है। इस अवसर पर स्कूल, कॉलेज, जिला पंचायत, जनपद पंचायत, ग्राम पंचायत, स्थानीय निकाय एवं स्वैच्छिक संस्थाओं में सेमिनार, वर्कशॉप, रैली, प्रदर्शनी, वाद-विवाद, निबंध लेखन, मानव श्रृंखला, पोस्टर प्रतियोगिता, नाटक, गीत, नृत्य आदि सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं सभाएं आयोजित की जाएंगी और नशा मुक्ति के लिए जागरूक किया जाएगा।

### भू-अर्जन मुआवजा गणना फैक्टर निर्धारण के लिए समिति गठित

**सीहोर।** प्रमुख सचिव राजस्व विवेक कुमार पोरवाल ने बताया कि मध्यप्रदेश शासन द्वारा भू-अर्जन अधिनियम, 2013 के अंतर्गत विभिन्न परियोजनाओं के लिए भू-अर्जन में मुआवजे की गणना फैक्टर के निर्धारण के संबंध में समिति का गठन किया गया है। यह समिति लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह की अध्यक्षता में गठित की गई है। जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री चैतन्य काश्यप समिति के सदस्य हैं। प्रमुख सचिव श्री पोरवाल ने बताया कि समिति द्वारा इस विषय पर जन मानस से सुझाव आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक व्यक्ति अपने सुझाव 30 जनवरी 2026 को सायं 5 बजे तक भेज सकते हैं। यदि कोई व्यक्ति समिति के अध्यक्ष से इस विषय में प्रत्यक्ष रूप से मिलना चाहता है, तो वह अपनी प्रस्तावित तिथि एवं समय भी इसी ई-मेल आईडी पर भेज सकता है।

### गणतंत्र दिवस पर भारत पर्व का आयोजन

**सीहोर।** गणतंत्र दिवस की संध्या पर स्थानीय आवासीय खेल परिसर में भारत पर्व का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कलाकारों ने सांस्कृतिक एवं देशभक्ति गीतों के माध्यम से अपनी कलाओं का प्रदर्शन किया। इसके साथ ही लोकगीत एवं लोकनृत्य प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में देश भक्ति पर आधारित विभिन्न प्रकार की रंगारंग प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रम में विधायक सुदेश राय, भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, कलेक्टर बालागुरू के., सुदीप प्रजापति, राजकुमार गुप्ता सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी और गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

### विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया

**आष्टा।** 26 जनवरी को 77 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर न्यायालय प्रांगण आष्टा में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें श्री डांगी द्वारा सर्वप्रथम झंडा फहराया गया एवं उसके पश्चात कहा गया कि मौलिक अधिकार एवं मौलिक कर्तव्य वे नैतिक दायित्व हैं जो भारत के प्रत्येक नागरिक को संविधान द्वारा सौंपे गए हैं। ये कर्तव्य नागरिकों में देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता और भाईचारे की भावना को बढ़ावा देने, सकारात्मक नागरिकता को प्रोत्साहित करने और संविधान के मूल्यों को बनाए रखने के लिए निर्धारित किए गए हैं।

## जिले में पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया गणतंत्र दिवस समारोह

# मुख्य समारोह में कलेक्टर ने झंडा वंदन कर ली परेड की सलामी, स्कूली छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रमों की दी प्रस्तुतियां







गणतंत्रता दिवस पर जिला मुख्यालय सहित तहसिल और ग्रामीण क्षेत्र में कई सांस्कृतिक और देश भक्ति के कार्यक्रम आयोजित हुए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर/भैरूंदा/आष्टा/खाचरोद

जिले में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास एवं उमंग के साथ मनाया गया। मुख्य समारोह का आयोजन सीहोर के पुलिस परेड ग्राउंड पर हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कलेक्टर बालागुरु के. ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और परेड की सलामी ली। समारोह में कलेक्टर ने लोकतंत्र तथा स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों को शाल-श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। इसके बाद मध्यप्रदेश गान का गायन हुआ। इस अवसर पर स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए तथा विभिन्न विभागों द्वारा विभागीय उपलब्धियों एवं योजनाओं पर आधारित झांकियां निकाली गई। कार्यक्रम के अंत में परेड, झांकी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

### भैरूंदा में शान से फहराया तिरंगा, रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने बांधा समां

**भैरूंदा।** 77वां गणतंत्र दिवस सोमवार को नगर भैरूंदा सहित अंचल में पूरे उत्साह, हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में मनाया गया। शासकीय कार्यालयों, शिक्षण संस्थानों, सामाजिक संगठनों और प्रमुख चौक-चौराहों पर तिरंगा शान से फहराया गया। नगर का मुख्य गणतंत्र दिवस समारोह दशहरा मैदान में आयोजित किया गया, जहां नगर परिषद अध्यक्ष मारुति शिशिर एवं जनपद पंचायत अध्यक्ष मंजू अवध पटेल ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। समारोह में विभिन्न विद्यालयों और संस्थाओं द्वारा प्रस्तुत आकर्षक झांकियों, देशभक्ति गीतों, नृत्य-नाटिकाओं और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। मुख्य समारोह में पूर्व जिलाध्यक्ष रवि मालवीय, जिला महामंत्री जितेंद्र गौड़, जनपद पंचायत अध्यक्ष मंजू अवध पटेल, एसडीएम सुधीर कुशवाह, एसडीओपी रोशन कुमार जैन, जनपद पंचायत सीईओ संजय अग्रवाल, नपा सीएमओ रामप्रसाद भावरे, पार्षदगण, अधिकारी-कर्मचारी, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे। पूरे दिन नगर में देशभक्ति, एकता और संविधान के प्रति सम्मान का संदेश गूंजता रहा।

### एसडीएम–एसडीओपी ने शासकीय स्कूल में बच्चों के साथ किया भोजन

**भैरूंदा।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गिल्लौर में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के तहत विशेष भोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारियों ने विद्यालय पहुंचकर बच्चों के साथ बैठकर भोजन किया और उनका उत्साह बढ़ाया।कार्यक्रम में एसडीएम सुधीर कुशवाहा, एसडीओपी रोशन जैन, जनपद पंचायत सीईओ संजय अग्रवाल विशेष रूप से उपस्थित रहे। अधिकारियों ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए



भोजन की गुणवत्ता, व्यवस्था एवं योजना के क्रियान्वयन की जानकारी ली।अधिकारियों ने कहा कि प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना का उद्देश्य बच्चों को पौष्टिक आहार उपलब्ध कराना है, जिससे उनका शारीरिक एवं मानसिक विकास बेहतर हो सके। बच्चों के साथ भोजन कर अधिकारियों ने सामाजिक समरसता और सहभागिता का संदेश भी दिया। विद्यालय परिवार ने अतिथियों का स्वागत किया। इस दौरान शिक्षकगण एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला।

### मुख्य अतिथि के रूप में एसआई पहुंचे देवमाता स्कूल, मनाया गया गणतंत्र दिवस




**भैरूंदा।** राष्ट्रीय पर्व 77वां गणतंत्र दिवस पूरे देश में हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। इसी कड़ी में नगर की निजी शिक्षण संस्था देवमाता स्कूल में भी गणतंत्र दिवस समारोह गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एसआई लोकेश सोलंकी शामिल हुए।समारोह के दौरान विद्यालय की प्राचार्या ने मुख्य अतिथि का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इसके पश्चात ध्वजारोहण कर राष्ट्रगान किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसआई लोकेश सोलंकी ने विद्यार्थियों को गणतंत्र दिवस का महत्व बताया और संविधान में निहित अधिकारों व कर्तव्यों की जानकारी दी।उन्होंने देश की आज़ादी के लिए बलिदान देने वाले स्वतंत्रता सेनानियों और क्रांतिकारियों को नमन करते हुए कहा कि उनके त्याग और समर्पण के कारण ही आज हम स्वतंत्र भारत में सम्मानपूर्वक जीवन जी रहे हैं। बच्चों से उन्होंने देशभक्ति, अनुशासन और जिम्मेदार नागरिक बनने का आह्वान किया। इस अवसर पर हेड कांस्टेबल दिनेश जाट भी शामिल रहे। समारोह के दौरान विद्यालय परिसर देशभक्ति के नारों और उत्साह से गूंजता रहा। विद्यालय स्टाफ, शिक्षकगण एवं विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### आष्टा में मुखर्जी मैदान पर हुआ समारोह

मुखर्जी मैदान पर गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह आयोजित हुआ। समारोह संबोधित करते हुए कहे। विधायक गोपालसिंह



इंजीनियर ने कहा की विकसित भारत का सपना सबका साथ, सबका विकास,सबका विश्वास से ही सम्भव है। मुख्य समारोह स्थल पर परेड,पीटी एवं विद्यालयों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमो की शानदार प्रस्तुति दी जिसे सभी ने सराही। गणतंत्र दिवस पर मुख्य अतिथि विधायक गोपालसिंह इंजीनियर,जनपद अध्यक्ष दीक्षा सोनू गुणवान,नपा अध्यक्ष हेमकुंवर रायसिंह मेवाडा नगर मंडल भाजपा अध्यक्ष अंजनी विशाल चौरसिया, वरिष्ठ सहकारी नेता देवीसिंह जी परमार, जनपद उपाध्यक्ष गजराज मेवाडा सहित मंचासीन सभी अतिथियों, जनप्रतिनिधियों ने सभी विजेता विद्यालयों की टीमों को उत्कृष्ट कार्य करने वाले सभी अधिकारियों,कर्मचारियों को पुरुष्कृत कर सम्मानित किया। कोठरी, आष्टा व विधायक कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रमो में पूर्व विधायक रघुनाथसिंह मालवीय, पूर्व जनपद अध्यक्ष बापूलाल मालवीय, नगीना राधेश्याम दलपति,युवराजसिंह वर्मा, देवजी पटेल, कोठरी सीएमओ नरेन्द्र जाटव, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष उर्मिला मरेठा, कृष्णा गोपालसिंह इंजीनियर, जिला महामंत्री तारा कटारिया, सुशील संचेती, नगर अध्यक्ष अंजनी चौरसिया, गिरजा कुशवाह, नीलिमा बैरागी, महेन्द्र इंजीनियर, जगदीश चौहान, मोहित सोनी, महेंद्रसिंह ठाकुर गऊखेड़ी, सौरभ जैन शीतल, सुरेश जैन, विकास बजाज, उत्थान धारवा, मनोहर बैरागी, माखन कुशवाह, दिनेश पंवार, जितेंद्र सोलंकी, प्रवेश शर्मा, अर्जुन पटेल, एसके करंजा, नवीन जैन, कुणाल राय, फारुख भाई, अजय गौतम, राजेश श्रीवास्तव, धर्मेन्द्र परिहार, शुभम सोनी, सुमित खत्री, पीएसओ पानसिंह, विशाल कुमार, जितेंद्र आजाद सहित बड़ी संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता, पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, पार्षद आदि उपस्तिथ रहे।

### गणतंत्र दिवस पर यूफोरिया माइंस की अनूठी पहल



**भैरुंदा।** सोमवार को 26 जनवरी गणतंत्र दिवस पूरे देश में हर्षोल्लास और गरिमा के साथ मनाया। इसी क्रम में सीहोर जिले की तहसील भैरुंदा, रेहटी व बुधनी अंतर्गत शासकीय विद्यालयों में यूफोरिया माइंस एंड मिनरल्स कंसोर्टियम प्राइवेट लिमिटेड द्वारा सामाजिक दायित्व के तहत विद्यार्थियों को स्कूल बैग वितरित किए गए। भैरुंदा क्षेत्र के शासकीय विद्यालय नीलकंठ, छिदगांव काछी तथा रेहटी तहसील के ग्राम मट्ठागांव, जहाजपुरा और जाजना सहित अन्य विद्यालयों में आयोजित कार्यक्रमों के दौरान छात्र-छात्राओं को स्कूल बैग प्रदान किए गए। कंपनी की इस पहल की विद्यालयों के शिक्षकों, कर्मचारियों और स्थानीय ग्रामीणों ने सराहना करते हुए इसे शिक्षा को प्रोत्साहन देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर विद्यार्थियों को स्कूल बैग वितरित कर उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया है। कंपनी द्वारा शासकीय विद्यालय नीलकंठ में 30, छिदगांव काछी में 311, मट्ठागांव में 98, जहाजपुरा में 83 तथा जाजना में 77 विद्यार्थियों को स्कूल बैग वितरित किए गए। कार्यक्रम के दौरान सीनियर मैनेजर मोहन राव, सीनियर मैनेजर प्रिय स्वामी, मैनेजर दिनेश कुशवाह, तरसेम, छत्रपाल, प्रभात, राहुल रघुवंशी, राहुल कुशवाह सहित विद्यालय स्टाफ एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे।

### खाचरोद सहित ग्रामीण क्षेत्रों में मनाया गणतंत्रता दिवस



**खाचरोद।** गणतंत्रा दिवस का पर्व खाचरोद सहित आसपास पूरे ग्रामीण क्षेत्र खाचरोद, खामखेड़ा, रोलागांव, रामपुरा, सिंगारचोरी, जस्सुपुरा, बड़खोल, पगारिया, बड़घाटी, किल्लौद, कन्नौज शिवाजी, नौगांव, बापचा के शासकीय वा अर्ध शासकीय स्कूलों में झंडा फहराया गया। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सभी ग्राम पंचायतों में सरपंचों द्वारा ध्वजारोहण कर मिठाई बाटी गई। इस मौके पर ग्राम पंचायत खाचरोद सरपंच शंकर पटेल जाट, रामपुरा पंचायत सरपंच महेंद्र सिंह ठाकुर दरबार, आवलीखेड़ा पंचायत सरपंच सियाराम बारिया, सिंगारचोरी पंचायत सरपंच छुट्टू पटेल उर्फ कुतुबुद्दीन खान, जस्सुपुरा पंचायत सरपंच डॉ इंदरीस खान, रोलागांव पंचायत सरपंच धर्मेंद्र धनगर, छापर पंचायत सरपंच ज्ञान सिंह वर्मा, किल्लौद पंचायत सरपंच दिलीप सिंह आंवले, लासूडलिया पंचायत सरपंच अकीला, राजेश सोलंकी, देवन खेड़ी पंचायत सरपंच विक्रम सिंह, कन्नौज शिवाजी पंचायत सरपंच लक्ष्मी नारायण पाटीदार, पगारिया पंचायत सरपंच अकरम खान, बापचा पंचायत सरपंच लोकेंद्र सिंह ठाकुर, नौगांव पंचायत सरपंच सोबल सिंह ठाकुर, बड़खोला पंचायत सरपंच रमेश देवड़ा, बड़घाटी पंचायत सरपंच अके सिंह ठाकुर ने ध्वजारोहण किया।

# झरखेड़ा में कृषक श्रमिक चौपाल का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले के ग्राम झरखेड़ा व ग्राम मगरदा में वीबी- जी राम जी विषय पर जनजागरण अभियान अंतर्गत कृषक श्रमिक चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल का शुभारंभ भोपाल सांसद आलोक शर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, सीहोर विधायक सुदेश राय द्वारा सरस्वती पूजा कर व दीप प्रज्ज्वलन किया गया।

शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की दूरदर्शी सोच का प्रतिफल है वीबी-जी रामजी जी योजना। प्रधानमंत्री



जी की दूरदर्शी सोच से आज दुनिया भारत की ओर देख रही हैं। वीबी-जी रामजी योजना वर्ष 2047 तक 'विकसित भारत' के लक्ष्य को साकार कर गांवों को समृद्ध बनाएगी। इस योजना में 125 दिन के रोजगार की गारंटी है, जबकि मनरेगा में सिर्फ 100 दिन काम मिलता था। यह योजना ग्रामीण क्षेत्र के समुचित विकास में मील का पत्थर साबित होगी। कांग्रेस के शासनकाल में इस योजना में 35 हजार करोड़ मिलते थे, जिसे बढ़ाकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 74 हजार करोड़ किया और अब सुधारों के साथ लागू की जा रही इस योजना का बजट बढ़ाकर 95 हजार करोड़ कर दिया है। बजट में यह बढ़ोत्तरी कांग्रेस के शासनकाल के समय से लगभग तीन गुना अधिक है।

कृषि वर्ष 2026 में कृषि को उद्योग और रोजगार से जोड़कर सरकार किसानों की आय बढ़ाने का कार्य करेगी। वीबी-जी रामजी अधिनियम से गांवों में अधोसंरचना का विकास होगा और विकास की नई क्रांति आएगी। वीबी-जी रामजी योजना में गरीबों, मजदूरों को अब 100 दिन के बजाय बजाय 125 दिन मजदूरी मिलेगी।

# मतदाता सूची में गड़बड़ी का आरोप, ब्लॉक कांग्रेस ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा

मतदाता सूची में कथित अनियमितताओं को लेकर ब्लाक कांग्रेस कमेटी भैरूंदा, लाड़कुई एवं गोपालपुर ने सोमवार को तहसील कार्यालय पहुंचकर तहसीलदार सौरभ शर्मा को ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि षड्यंत्रपूर्वक फार्म-7 भरकर जायज एवं वैध मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से काटे जा रहे हैं, जो लोकतंत्र की मूल भावना और निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया पर सीधा प्रहार है।ज्ञापन में कांग्रेस कमेटी ने कहा कि इस प्रकार की कार्रवाई न केवल नैतिक रूप से गलत है, बल्कि कानूनन दंडनीय अपराध भी है। उन्होंने मांग की कि फार्म-7 के माध्यम से झूठी एवं दुर्भावनापूर्ण शिकायत करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। ब्लाक कांग्रेस कमेटी ने स्पष्ट किया कि



मतदाता सूची से जायज नाम हटाना लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन है, जिसे किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। कांग्रेस नेताओं ने प्रशासन से निष्पक्षता एवं संवैधानिक दायित्वों का पालन करते हुए मतदाता सूची की शुद्धता सुनिश्चित करने की अपील की, ताकि आम नागरिकों का मताधिकार सुरक्षित रह सके।

## उत्कृष्ट विद्यालय सीहोर में करियर काउंसलिंग कार्यक्रम आयोजित किया

# सकारात्मक सोच और लक्ष्य निर्धारण की महत्ता समझाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

स्थानीय शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर विद्यालय माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 1 सीहोर में, विद्यार्थियों को उनके रुचिपूर्ण लक्ष्य के बारे में जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में, विद्यार्थियों को आत्मविश्वास, सकारात्मक सोच और लक्ष्य निर्धारण की महत्ता समझाई गई ।कार्यक्रम में, संस्था प्राचार्य सुनीता जैन और वरिष्ठ व्याख्याता डॉक्टर राजेंद्र देशमुख द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम मुख्य अतिथि के रूप में जिला कलेक्ट्रेड के लेबर इंस्पेक्टर अमित शाह द्वारा विद्यार्थियों को विभिन्न करियर विकल्पों के बारे में बताया गया, जैसे कि उच्च शिक्षा, सरकारी नौकरी, और उद्यमिता। इसके अलावा, विद्यार्थियों को अपने कौशल और रुचियों को पहचानने के लिए प्रेरित किया गया ।उत्कृष्ट प्राचार्य सुनीता जैन ने कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को उनके भविष्य के बारे में सही निर्णय लेने में मदद करना बताया। इस कार्यक्रम में, विद्यार्थियों ने अपने सवाल पूछे और




विशेषज्ञ जितेंद्र परमार, अरविंद कुमार पटेल, अंकुर परमार , व्यावसायिक प्रशिक्षक,अमित जैन एवं दुष्यंत छोकर, डॉ राजेंद्र देशमुख से मार्गदर्शन प्राप्त किया । डिजिटल प्रशिक्षण भी दिया गया।जो 27 जनवरी से 31 जनवरी तक रहेगा। इस मौके पर स्वामी स्वामी विवेकानंद कॉलेज कॉलेज के प्रशिक्षक परवेज कुरैशी, डॉक्टर अभिषेक गुप्ता, भारती नागर, आरती नरूला, बी एस चौहान, एम. पी .कुरैशी, नाजिर खान, एवं छात्र छात्राओं सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# सीहोर ने रचा इतिहास, खेलो एमपी अंडर-19 संभाग स्तरीय क्रिकेट में भोपाल को दी करारी शिकस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा



खेलो एमपी अंडर-19 संभाग स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में सीहोर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए इतिहास रच दिया। फाइनल मुकाबले में सीहोर ने मजबूत मानी जा रही भोपाल की टीम को एकतरफा अंदाज में पराजित कर खिताब अपने नाम किया।फाइनल मैच में भोपाल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवरों में 142 रन का लक्ष्य सीहोर के सामने रखा। जवाब में सीहोर की टीम ने अनुशासित और आक्रामक बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए महज 1 विकेट के नुकसान पर लक्ष्य को आसानी से हासिल कर लिया। सीहोर की इस ऐतिहासिक जीत में नगर भैरुंदा के चार खिलाड़ियों—रौनक शर्मा, पीयूष प्रधान, भविष्य पंवार और दिव्यांशु वर्मा—की अहम भूमिका रही। इन खिलाड़ियों को इस स्तर तक पहुंचाने में उनके कोच राकेश पंवार (रक्का) का विशेष योगदान रहा, जिन्होंने कड़ी मेहनत, अनुशासन और निरंतर अभ्यास के जरिए खिलाड़ियों को तैयार किया। टीम की इस शानदार सफलता पर पूरे नगर भैरुंदा में हर्ष का माहौल है। खेलप्रेमियों, जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने खिलाड़ियों व कोच को बधाइयां दीं और शुभकामनाएं प्रेषित कीं। लोगों ने उम्मीद जताई कि आने वाले समय में भैरुंदा नगर से और अधिक खिलाड़ी आगे बढ़कर क्षेत्र, जिला और प्रदेश का नाम रोशन करेंगे।

# गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**नगर परिषद की नागरिक सेवाएं**
संपत्ति कर, जल कर, जन्म एवं मृत्यु पंजीयन, जिन शिकायत, समय पर करों का भुगतान करें, जल का अपव्यय न करें।

मारुति शिशिर
अध्यक्ष, नगर परिषद नसरुल्लागंज

प्रतिभा रितेश मकवाना
उपाध्यक्ष, नप भैरूंदा

रामप्रसाद भावरे
सीएमओ, नप भैरूंदा

सौजन्य :- नगर परिषद भैरूंदा (नसरुल्लागंज) जिला-सीहोर

# कृषि उपज मंडी समिति, भैरूंदा (नसरूल्लागंज)

की ओर से समस्त क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

सुधीर कुशवाह
एसडीएम व भार अधिकारी कृषि उप मंडी समिति भैरूंदा

विलियम जार्ज
सचिव, कृषि उपज मंडी समिति भैरूंदा (नसरुल्लागंज)

**:: किसान भाइयों से अपील :**

1. मंडी प्रांगण में प्रवेश करते समय अपनी कृषि उपज आवश्यक रूप से दर्ज कराएं व प्रवेश पर्ची प्राप्त करें।
2. किसान भाई अपनी फसल का क्रय विक्रय मंडी प्रांगण में ही आकर करें।
3. किसान भाई अपनी कृषि उपज साफ करके मंडी में लाएं ताकि उचित मूल्य प्राप्त कर सकें।
4. नीलामी के समय किसान भाई अपने ट्राली पर उपस्थित रहें उचित मूल्य प्राप्त होने पर ही विक्रय करें।
5. सही तौल एवं समय पर भुगतान पाएं।
6. कृषक भाइयों के लिए मोबाइल एप M.P.FARM.GATE के माध्यम से भी अपनी कृषि उपज का विक्रय अपने घर/खलियान/गोदाम से करने की सुविधा प्रदान है।
7. किसान ही हमारे सच्चे मित्र हैं।

उमेद धुर्वे
ASI
कृषि उपज मंडी समिति नसरुल्लागंज

# बिन सहकार, नहीं उद्धार

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

आशीष शर्मा, मंडल भैरुंदा
पवन मीणा, मंडल लाड़कुई
पंकज पंवार, मंडल गोपालपुर
रमेश बारेला, मंडल चकल्दी

जय जवान, जय किसान

सभी कृषक बंधु सहकारी साख समितियों की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लें।

सशक्त सहकारिता; समृद्ध मध्यप्रदेश

पंकज सिंह
पर्यवेक्षक/मैनेजर इटावाकलां

ओम जिनोदिया, प्रबंधक सेवा सह.समिति इटारसी
पुष्पेंद्र सैनी, प्रबंधक सेवा सह. समिति छिपानेर
अशोक गौर, प्रबंधक सेवा सह. समिति डोबा
विनोद यादव, प्रबंधक सेवा सह. समिति बालागांव
प्रदीप वर्मा, प्रबंधक सेवा सहकारी समिति बाईमोड़ी
अशोक सांवरिया, प्रबंधक सेवा सहकारी समिति पिपलानी
दीपक यादव, प्रबंधक सेवा सहकारी समिति वासुदेव

सौजन्य: समस्त सेवा सह. समिति इटावाकलां, इटारसी, छिपानेर, डोबा, बालागांव, बाईमोड़ी, निमोटा, पिपलानी, वासुदेव

# बिन सहकार, नहीं उद्धार

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

सशक्त सहकारिता; समृद्ध मध्यप्रदेश

आशीष शर्मा, मंडल भैरुंदा
पवन मीणा, मंडल लाड़कुई
पंकज पंवार, मंडल गोपालपुर
रमेश बारेला, मंडल चकल्दी

जय जवान, जय किसान

सभी कृषक बंधु सहकारी साख समितियों की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लें।

खुशीराम बारेला
ब्रांच मैनेजर नसरुल्लागंज

कमल सिंह ठाकुर
पर्यवेक्षक नसरुल्लागंज

दिनेश यादव, प्रबंधक सेवा सह.समिति डिमावर
अरूण यादव, प्रबंधक सेवा सह. समिति राला
मोहन पंवार, प्रबंधक सेवा सह. समिति चींच
हरिओम यादव, प्रबंधक सेवा सहकारी समिति दिगवाड़
भूपेंद्रसिंह पंवार, सह प्रबंधक सेवा सह. समिति सतराना
कैलाश पंवार, प्रबंधक सेवा सह. समिति बोरखेड़ाकलां
गोविंद पंवार, प्रबंधक सेवा सह. समिति रिठवाड़
राधेश्याम कीर, प्रबंधक सेवा सह. समिति निपानिया
कृपाराम मालवीय, प्रबंधक सेवा सह. समिति तिलाड़िया

सौजन्य: समस्त सेवा सह. समिति भैरुंदा (नसरुल्लागंज), डिमावर, राला, चींच, दिगवाड़ा, सतराना, बोरखेड़ाकलां, रिठवाड़, निपानिया, तिलाड़िया

# ग्राम पंचायत, ससली

26 January Republic Day
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अपील:- समस्त करों का भुगतान समय पर करें, अधिक से अधिक पौधारोपण करें, घरों के आसपास स्वच्छता बनाएं रखे, व्यर्थ जल न बहाएं....

# ग्राम पंचायत, सीगॉव

26 January Republic Day
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अपील:- समस्त करों का भुगतान समय पर करें, अधिक से अधिक पौधारोपण करें, घरों के आसपास स्वच्छता बनाएं रखे, व्यर्थ जल न बहाएं....

# ग्राम पंचायत, बोरखेड़ा कलॉ

26 January Republic Day
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अपील:- समस्त करों का भुगतान समय पर करें, अधिक से अधिक पौधारोपण करें, घरों के आसपास स्वच्छता बनाएं रखे, व्यर्थ जल न बहाएं....

# ग्राम पंचायत, गिल्लौर

26 January Republic Day
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अपील:- समस्त करों का भुगतान समय पर करें, अधिक से अधिक पौधारोपण करें, घरों के आसपास स्वच्छता बनाएं रखे, व्यर्थ जल न बहाएं....

# ग्राम पंचायत, महागॉव कदीम

26 January Republic Day
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अपील:- समस्त करों का भुगतान समय पर करें, अधिक से अधिक पौधारोपण करें, घरों के आसपास स्वच्छता बनाएं रखे, व्यर्थ जल न बहाएं....

# ग्राम पंचायत, निम्नागॉव

26 January Republic Day
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अपील:- समस्त करों का भुगतान समय पर करें, अधिक से अधिक पौधारोपण करें, घरों के आसपास स्वच्छता बनाएं रखे, व्यर्थ जल न बहाएं....

# ग्राम पंचायत, चौरसाखेड़ी

26 January Republic Day
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अपील:- समस्त करों का भुगतान समय पर करें, अधिक से अधिक पौधारोपण करें, घरों के आसपास स्वच्छता बनाएं रखे, व्यर्थ जल न बहाएं....

# ग्राम पंचायत, बगवाड़ा

26 January Republic Day
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अपील:- समस्त करों का भुगतान समय पर करें, अधिक से अधिक पौधारोपण करें, घरों के आसपास स्वच्छता बनाएं रखे, व्यर्थ जल न बहाएं....

समस्त देश-प्रदेशवासियों एवं किसान भाइयों को

## गणतंत्र दिवस

की हार्दिक-हार्दिक बधाई, शुभकामनाएं...

- विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं में ऋण वितरण।
- 108 संस्थाओं के माध्यम से शून्य प्रतिशत ब्याज पर कृषि ऋण।
- हमारे बैंक की शाखाओं द्वारा अन्य व्यावसायिक बैंक से अमानतों पर अधिक ब्याज ऋण दिया जाता है। बैंक का ऋण समय पर चुकाएं।

रघुवीर मालवीय, शाखा प्रबंधक, रेहटी
विनोद जैन, समिति प्रशासक
आरएस रैकवार, समिति प्रशासक

तेजसिंह ठाकुर, प्रबंधक, रेहटी–बोरी
माधव कलमोदिया, प्रबंधक, बोरधी
विजय सिंह टेकाम, प्रबंधक, सोयत, लावापानी
सुरेंद्र लोवंशी, प्रबंधक, मांजरकुई
केवल सिंह उइके, प्रबंधक, मरदानपुर
गजेंद्र कुलकर्णी, प्रबंधक, चकल्दी
धर्मेंद्र पाराशर, प्रबंधक, मोगरा

सौजन्य से : जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित जिला सीहोर, शाखा रेहटी



सभी प्रदेश वासियों को

## गणतंत्र दिवस

की हार्दिक हार्दिक शुभकामनाएं

1. मंडी प्रांगण में प्रवेश करते समय अपनी कृषि उपज आवश्यक रूप से दर्ज कराएं व प्रवेश पर्ची प्राप्त करें।
2. किसान भाई अपनी फसल का क्रय विक्रय मंडी प्रांगण में ही आकर करें।
3. किसान भाई अपनी कृषि उपज साफ करके मंडी में लाएं ताकि उचित मूल्य प्राप्त कर सकें।
4. नीलामी के समय किसान भाई अपने ट्राली पर उपस्थित रहें उचित मूल्य प्राप्त होने पर ही विक्रय करें।
5. सही तौल एवं समय पर भुगतान पाएं।
6. कृषक भाइयों के लिए मोबाइल ऐप M.P.FARM.GATE के माध्यम से भी अपनी कृषि उपज का विक्रय अपने घर / खलियान /गोदाम से करने की सुविधा प्रदान है
7. किसान ही हमारे सच्चे मित्र हैं।

विलियम जोर्ज, सचिव, मंडी समिति रेहटी
युगविजय सिंह यादव, नायब तहसीलदार भार साधक अधिकारी रेहटी

सौजन्य से– कृषि उपज मण्डी समिति रेहटी



- वृक्षों की जब करोगे रक्षा, तभी बनेगा जीवन अच्छा।
- पेड़ लगाओ, पेड़ बचाओ, इस दुनिया को सुंदर बनाओ।
- जंगलों का संरक्षण करें, हमारी धरती की रक्षा करें।
- पेड़ काटना, प्रकृति के विरुद्ध अपराध है।
- वन हैं तो हम हैं, वन नहीं तो कुछ भी नहीं।
- वन बचाओ, जीवन बचाओ।
- जब होंगे पेड़ सुरक्षित, तभी होगा हमारा कल सुरक्षित।
- वन अनमोल धरोहर हैं, इनकी रक्षा करना हमारा कर्तव्य है।

## गणतंत्र दिवस

की हार्दिक शुभकामनाएं

जय हिन्द

सौजन्य: वन विभाग, रेहटी



आज़ादी का अमृत महोत्सव

माँ तुझे सलाम

मा. श्री नरेन्द्र जी मोदी, प्रधानमंत्री
मा. श्री शिवराज सिंह जी चौहान, केन्द्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री
मा. श्री कैलाश जी विजयवर्गीय, नगरीय विकास एवं आवास संसदीय कार्य मंत्री म.प्र. शासन
मा. डॉ. मोहन जी यादव, मुख्यमंत्री म.प्र. शासन

सभी नगर एवं क्षेत्र वासियों को

## गणतंत्र दिवस

की हार्दिक – हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

श्री राजेन्द्र मीना पटेल, अध्यक्ष नगर परिषद रेहटी
श्रीमती अर्चना राजीव शर्मा, उपाध्यक्ष नगर परिषद, रेहटी

निवेदकः- नगर परिषद रेहटी जिला- सीहोर म.प्र.